दिन–शनिवार दिनांक– 27/12/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में आज मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे हैं। शुक्रवार से आरंभ तीन दिन के इस सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं पर सतत बातचीत के माध्यम से केंद्र और राज्यों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देना है। यह सम्मेलन प्रधानमंत्री के सहकारी संघवाद के दृष्टिकोण पर आधारित है।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पूर्वाह्न ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम की एक सौ उनतीसवीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसके अलावा आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी यह उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

———————————————————————————

सिखों के दसवें गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का तीन सौ उनसठवां प्रकाश पर्व आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पटना के तख्त श्री हरिमंदिर पटना साहिब में मुख्य समारोह का आयोजन किया रहा है। हरमंदिर साहिब में विशेष दीवान सजाया गया है। शबद–कीर्तन और गुरूवाणी से पूरा वातावरण गुंजायमान है। प्रकाश पर्व में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में सिख संगत पटना साहिब पहुंची है। इस अवसर पर गुरूद्वारा गुरू का बाग, गुरूद्वारा मैनी संगत और गुरूद्वारा बाललीला में भी विशेष आयोजन किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

ने दशमेष गुरू के जन्मोत्सव पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के जन्मस्थान, तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब की इस वर्ष की यात्रा की तस्वीरें साझा करते हुए कहा है कि यह गुरु महाराज के साहस करूणा और त्याग के प्रतीक हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि गुरू गोविंद सिंह जी शौर्य, साहस और त्याग की प्रतिमूर्ति थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा है कि गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का जीवन संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणादायी है।

———————————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे को लेकर बिहार कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव आयोग के खिलाफ पटना हाईकोर्ट में मामला दर्ज कराया है। कांग्रेस नेता अमित टुन्ना, ऋषि मिश्रा, प्रवीण कुशवाहा, तौकीर आलम, शशांक शेखर ने याचिका दायर की है।

———————————————————————————

सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में शीत दिवस की स्थिति बनी हुई है। कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के चलते आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। अधिकांश स्थानों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। पांच दशमलव दो डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ गया राज्य के सबसे ठंडे स्थान रहा। मौसम विभाग ने आज राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और दक्षिणी हिस्सों के विभिन्न जिलों में शीत दिवस का अलर्ट जारी किया है। इधर, घने कोहरे के कारण दृश्यता का स्तर कम होने से सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। लम्बी दूरी की कई रेलगाड़ियों का परिचालन काफी विलंब से हो रहा है।

———————————————————————————

दरभंगा जिले के लगमा स्थित जगदीश नारायण ब्रह्मचर्याश्रय आदर्श संस्कृत महाविद्यालय में ''भारतीय ज्ञान–परम्परा के समुत्कर्ष में मैथिल मनीषियों का योगदान" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में देश के विभिन्न हिस्सों से आये शिक्षाविदों और शोधार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

———————————————————————————

अररिया के आरएएस थाना क्षेत्र अंतर्गत हरियाबाड़ा में पुलिस ने छापेमारी कर तीन सौ अस्सी किलो गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

समाप्त